Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

an>

Title: Need to upgrade railway facilities on stations enroute Junagarh and Rajkot and to run new trains from Junagarh, Gujarat to other parts of the country.

श्री जसुभाई धानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : महोदय, गुजरात राज्य के जूनागढ़ जिले में विश्व प्रसिद्ध भगवान सोमनाथ महादेव जी का प्राचीन मंदिर है। एशिया खण्ड में केसरी सिंह से जुड़ा सासण गिर विस्तार भी इसी क्षेत्र में स्थित है और प्राचीन गिरनाथ पर्वत तथा जैन धर्म का प्रसिद्ध मंदिर भी इसी क्षेत्र में है और इस क्षेत्र के सी बेल्ट एरिया में करोड़ों की लागत के सीमेंट, सोडा, ऐश, केमिकल और मछली आयात के बड़े-बड़े उद्योग स्थापित है।

इन उद्योगों की वजह से यहां पर देश के अन्य राज्यों के काफी सारे परिवार इस जिले में रहते हैं और देश-विदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालु पर्यटक और व्यापारी भी आते जाते रहते हैं।

लेकिन रेल परिवहन की सुचारू व्यवस्था नहीं होने की वजह से इन सभी यात्रियों तथा यहां के निवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

बेरावल, सोमनाथ जिला जूनागढ़ से राजकोट जिले तक रेलवे लाईन परिवर्तन किये लगभग दो र्वा हो चुके हैं। परिवर्तित रेलवे लाइन पर आने वाले रेलवे स्टेशन, वेरावल, माल्या हटिना, केशोद, बाघना, शाहपुरा, जुनागढ़ वडाल पर किसी भी प्रकार कोई सुविधाएं यात्रियों के लिए नहीं है। जैसे कि पीने के पानी की सुविधा, प्लेटफार्म पर यात्रियों के बैठने की सुविधा, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवर ब्रिज की सुविधा और इन स्टेशनों के प्लेटफार्मो की ऊंचाई को भी नहीं बढ़ाया गया है।

रेलवे लाइन के परिवर्तन से पहले जो रेलगाड़ियां चलाई जाती थी वह आज तक भी चालू नहीं की गयी हे, जो चल भी रही है उनके डिब्बे (कोच) की स्थिति काफी खराब है और इस क्षेत्र के निवासियों की कुछ नई रेलगाड़ियां चलाने की मांग है जैसे किः-

1. वेरावल से मुम्बई के लिए
2. वेरावल सोमनाथ से देश के चारों प्रसिद्ध धामों के लिए

---

*Treated as laid on the Table

3. वेरावल से राजकोट के बीच और अधिक संख्या में इंटर सिटी
4. वेरावल से अहमदाबाद के लिए एक और रेलगाड़ी

मैं रेल मंत्री जी और रेलवे बोर्ड से अनुरोध करता हूं कि इस क्षेत्र की रेलवे के साथ जुड़ी हुई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही उचित कार्यवाही की जाये।